21.06.2023

VIR ARJUN

हेड कांस्टेबल राजीव कुमार ने जीता स्वर्ण

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में अनेक ऐसे कर्मी हैं जो जिन्होंने अपनी ड्यूटी के अलावा दूसरी गतिविधियों में भाग लेकर खुद को साबित किया है और पुलिस बल का मान भी बढ़ाया है। ऐसे ही एक और कर्मी हैं हेड कांस्टेबल राजीव कुमार जिन्होंने भोपाल में आयोजित 21वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल कंपीटिशन में स्वर्ण पदक जीता है। राजीव कुमार अब तक विभिन्न निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर 18 पुरस्कार जीत चुके हैं। इस जीत के बाद आज दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने राजीव कुमार से मुलाकात कर इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



हेड कांस्टेबल राजीव कुमार अपना स्वर्ण दिखाते हुए।